# नगरपालिका शुलभ शौचालय बना कर भूली, कबाड़ी ने जमाया कब्जा

**खैरथल,** (निसं)। स्थानीय नगरपालिका प्रशासन भीड़भाड़ वाले बाजार में एक शुलभ शौचालय बनवा कर भूल गयी है। नतीजतन पड़ोसी कबाड़ी ने अपना कब्जा जमा लिया।

भारतीय स्टेट बैंक की मातौर रोड ब्रांच के बगल में क़रीब बारह वर्ष पहले चूंगी नाके को ढहा करके पास लाखों रुपए की लागत से एक सुलभ शौचालय का निर्माण करवाया। जिसका लोकार्पण कार्यक्रम बनाते बनाते हालात यह हुए कि उसे भूल गए।

चारों ओर अनेकों बाजार के नागरिकों की सुविधा के लिए अशोक डाटा के बोर्ड अध्यक्षीय कार्यकाल में शहर में पुरानी अनाज मंडी में आधुनिक सुविधाओं वाले शुलभ कांप्लेक्स प्लस रैन-बसेरा के साथ ही अन्य भागों में भी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। जिनका उद्घाटन तत्कालीन केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह द्वारा किया गया था।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बगल में बने कांप्लेक्स को भूल गए जबकि बाकी स्थानों पर ये सुविधाएं उपलब्ध हैं। जबकि इस भीड़भाड़ वाले स्थान पर इसकी सख्त जरूरत है। इसके अभाव में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों ने बताया कि इस संबंध में नगरपालिका प्रशासन को अनेकों बार शिकायत की गई परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई है। गौरतलब है कि इस स्थान पर नगरपालिका का पक्का चुंगी नाका था जो कि चुंगी प्रथा समाप्त हो जाने के बाद नकारा पड़ा रहा जिस पर तत्कालीन पालिकाध्यक्ष अशोक डाटा के कार्यकाल में शुलभ कांप्लेक्स बनवाया गया था।


सार्वजनिक सुलभ शौचालय पर कबाड़ पड़ा हुआ है।

- बारह वर्ष पहले लाखों रुपए की लागत से करवाया था निर्माण

बाजारों के दुकानदारों ने बताया कि सुविधा के अभाव में वे रेलवे सीमा, पटवार घर, महावर धर्मशाला, अग्रवाल धर्मशाला आदि स्थानों पर जाने की परेशानी भोग रहे हैं और यहां जो सुविधा है तो उस अतिक्रमण किया हुआ है।

अशोक डाटा तत्कालीन चेयरमैन नगरपालिका खैरथल इनका कहना है कि मेरे कार्यकाल में शहर में जनता की सुविधा के लिए जगह जगह बनवाए गए पेशाब घर व सुलभ कांप्लेक्स में एक यह भी बनवाया था। जिसे चालू कर दिया गया किंतु बाद में सार-संभाल के अभाव में अतिक्रमण की भेंट चढ़ गया।

आशुतोष आचार्य ईओ नगरपालिका खैरथल का कहना है कि इस सुलभ कांप्लेक्स पर अतिक्रमण की शिकायत मिली है जल्दी ही कार्रवाई कर जनता के लिए शुरू करवाया जाएगा।

## पानी की किल्लत से वार्डवासी परेशान

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। शहर में पानी को लेकर लोगों की परेशानी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। पानी की समस्या के चलते मंगलवार को वार्ड 14 की पार्षद मीनाक्षी मनोज मित्तल ने लोगों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

किशनगढ़ बास में यह हालात तब बनी हैं जब तीन दिन पहले ही विधायक एसडीएम कार्यालय में पानी को लेकर अफसरों को फटकार लगाकर नसीहत दे चुके हैं।

एसडीएम कार्यालय पहुंचे गुस्साए वार्ड के लोगों ने बताया कि ना तो पानी पर्याप्त मात्रा में आ रहा है और ना ही कोई पानी आने का समय निश्चित है। निजी खर्चे पर टैंकर मंगाकर लोगों को पानी की पूर्ति करनी पड़ रही है। और विभाग है कि ध्यान ही नहीं दे रहा है।

पार्षद का आरोप है कि विभाग के अधिकारी भाजपा पार्षदों के साथ सोतेला रुख अपनाए हुए हैं। बार-बार शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। पानी की शिकायत लेकर पहुंचने वालों में रमेश चंद ताराचंद गुप्ता सतीश हरवानी सुरेश चंद सुनील कुमार अनिल भव्य जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# 6 माह पहले बनी सड़क टूटी, जांच की मांग

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। कांग्रेस राज में पनप रहे भ्रष्टाचार, टोल कर्मियों की मनमानी और पुलिस की निष्क्रियता को लेकर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने अलवर जिला कलेक्टर, कोटकासिम एसडीएम के सामने निष्पक्ष जांच कराई जाकर दोषी अधिकारी कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग रखी है।

इस दौरान अधिकारियों को यादव ने कहा शीघ्र ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वह लोगों को लेकर किशनगढ़ बास और कोटकासिम एसडीएम कार्यालय के सामने धरना देंगे। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने बताया कि सड़क को बने 6 माह भी नहीं हुए की किशनगढ़ बास कोटकासिम सर्किल से हरियाणा की सीमा से लगते गांव बीरनवास तक की सड़क में जगह-जगह गड्ढे निकल आए हैं। यादव ने सीधे-सीधे अधिकारियों व ठेकेदार पर मिलीभगत का आरोप लगाया है और कहा है कलेक्टर और एसडीएम ने निष्पक्ष जांच कराकर दोषी अधिकारी कार्मिकों व ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं की तो वह क्षेत्र के लोगों को लेकर किशनगढ़ बास वह कोटकासिम एसडीएम कार्यालय के सामने धरने देंगे।

- कलेक्टर-एसडीएम से पूर्व विधायक ने की शिकायत
- 'कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों के साथ किशनगढ़ बास और कोटकासिम एसडीएम कार्यालय के सामने धरना देंगे'

पूर्व विधायक यादव ने बताया है कि एनसीआर योजना के तहत किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र में बनाई गई सड़कों की हालत जर्जर हो रही है जगह जगह गड्ढे बने हैं लेकिन ठेकेदार और अधिकारी ग्रामीणों के बार बार कहने पर भी रिपेयरिंग नहीं करा रहे हैं इससे साफ जाहिर होता है कि ठेकेदार को अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का संरक्षण है। किशनगढ़ बास में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के राज में नगर पालिका को कचरा डालने के लिए भूमि आवंटित की गई। भूमि पर कचरा ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाना है। राजनीतिक संरक्षण के चलते प्रभावशाली लोगों ने आवंटित भूमि पर कब्जा किया हुआ है अनेक बार भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने के लिए पालिका अध्यक्ष की ओर से प्रशासन को अवगत कराया गया है लेकिन आज तक अति कर्मियों के कब्जे से भूमि को मुक्त नहीं कराया जा सका है। नगर पालिका क्षेत्र में कचरा डालने के लिए भूमि नहीं होने के कारण शहर का कचरा इधर-उधर फेंकने से बीमारी का अंदेशा बना हुआ है। यादव ने पुलिस कार्यशैली पर सवाल उठाए और कहा बीबीरानी किशनगढ़ बास में चोरियों की वारदात लगातार बढ़ रही है लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है और पुलिस हाथ पर हाथ रखकर बैठी है। खैरथल किशनगढ़ बास व मातौर रोड टोल नाके 10 किलोमीटर की परिधि में टोल कर्मी निजी वाहन मालिकों से टोल वसूली कर रहे हैं जबकि तिजारा भिवाड़ी टोल नाके पर 10 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले लोगों को टोल में छूट दी हुई है। सरकार की इस दोहरी नीति के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसके कारण प्रतिदिन टोल कर्मियों व वाहन मालिकों के बीच टोल वसूली को लेकर विवाद होना आम बात बनी है। मीडियाकर्मियों को भी टोल कर्मियों के अभद्र व्यवहार का शिकार होना पड़ रहा है।

# जल यात्रा का जगह-जगह स्वागत

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। पर्यावरण विद् विवेकानंद शर्मा ने कहा कि जल संरक्षण समाज की महत्ती की जिम्मेदारी है। समाज को अपने पारंपरिक जल स्त्रोतों एवं वर्षा के जल का संरक्षण करना चाहिए। शर्मा जल यात्रा के कंचनपुर पहुंचने पर नरसिंह मंदिर में आयोजित चौपाल को संबोधित कर रहे थे।

सुजलाम संस्थान के डॉ योगेश यादव एवं कविता यादव के संयोजक में 12 अप्रैल से जारी जल यात्रा मंगलवार को कंचनपुर, कल्याणपुरा, सिहोड़ी, गोमावाली, गीदावाला, घाटमदास,त्रिलोकपुरा तथा जालपाली पहुंची। विभिन्न स्थानों पर आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए यात्रा के संयोजक डॉ योगेश यादव ने कहा कि हमारे श्रीमाधोपुर के लोग पिछले 10-15 सालों से लगभग 1 साल में 25 से 30 हजार रूपये का पानी खरीद कर पीते हैं। सिंचाई के अभाव में खेत खलियान बंजर हो चुके हैं जिसका मुख्य कारण नहर का नहीं आना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कविता यादव ने कहा जल समस्या का सामना घर की मां बहनों को करना होता है ।यह जानकारी देते हुये बताया गया कि रोटरी क्लब के कार्यकर्ता पुरुषोत्तम शर्मा व सेवानिवृत्त शिक्षक महावीर प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश हरसूखा, भीम सिंह यादव, सुरेंद्र नागवान, अमरचंद नागवान ने यात्रा के संयोजक यादव का सम्मान किया।



जल यात्रा कंचनपुर, कल्याणपुरा, सिहोड़ी, गोमावाली, गीदावाला, घाटमदास,त्रिलोकपुरा तथा जालपाली पहुंची।

इसी प्रकार नालोट गांव में उपसरपंच राजेंद्र शर्मा ने भी यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में युवा छात्र पंकज शर्मा हांसपुर ,पवन शर्मा श्रीमाधोपुर ,राम सिंह यादव आदि शामिल हुए। यात्रा के प्रवक्ता दिनेश गोविंद शर्मा ने बताया कि जालपाली औद्योगिक क्षेत्र में दिव्यांग जल योद्धा करण सिंह शेखावत आज भी यात्रा में शामिल हुए वही सेवानिवृत रक्षा वैज्ञानिक सीताराम सैनी ने यात्रा का अभिनंदन किया। इसी प्रकार 19 अप्रैल बुधवार को श्रीमाधोपुर में प्रस्तावित मौन जुलूस की तैयारीयो को लेकर स्थानीय समन्वयक दिलीप सिंह शेखावत के नेतृत्व में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। मौन जुलूस की तैयारी को लेकर मुकेश शर्मा, पवन गोठवाल ,महेश शर्मा , कन्हैयालाल चौरसिया, उर्मिला चौरसिया, कविता तिवारी आदि ने जनसंपर्क किया। सुबह रन फॉर वाटर का आयोजन किया गया।

## रूबी सिंह को डॉक्टरेट की उपाधि मिली

**निवाई,** (निसं)। राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा रूबी सिंह को पीएचडी की उपाधी नवाजा गया। उन्हें यह उपाधि उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रदान की गई है। रूबी ने अपना शोध कार्य प्रो मुक्ता सिंघवी के सुपरविजन में पूर्ण किया। प्रो मुक्ता वर्तमान में राजस्थान विश्वविद्यालय में साइकोलॉजी विभाग की हेड हैं। इस दौरान रूबी सिंह ने 4 रिसोर्स पेपर भी लिखे।

उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय सेमिनार में गेस्ट लेक्चरर की भूमिका निभाई है। वर्तमान मे ये वनस्थली विद्यापीठ में साइकोलॉजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले उन्होंने यूजीसी नेट करने के बाद केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर सेवाएं दी हैं। उनके पति आरटीएस सेवा के अधिकारी हैं। इस दौरान कुलदीप सिंह, सहायक प्रोफेसर दिव्या सिंह, सुमन, सहायक प्रोफेसर कृष्णा, जीतू सिंह व रामानंद सहित अनेक लोगों ने रूबी को बधाई दी।

# बहरोड़ विधायक ने किशनगढ़ बास में काले कपड़े पहनकर लगाई दौड़

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। बहरोड़ निर्दलीय विधायक बलजीत यादव ने सरकार को जगाने, युवाओं के हक के लिए मंगलवार को काले कपड़े पहनकर किशनगढ़बास में तोप सर्किल से अनाज मंडी तक दौड़ लगाई है। विधायक बलजीत यादव ने लोगों को तोप सर्किल पर संबोधित किया और केंद्र व प्रदेश की सरकारों के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जमकर प्रहार किया। इस दौरान लोग बड़ी तादाद में बहरोड़ विधायक बलजीत यादव को सुनने के लिए पहुंचे थे।

प्रदेश की 200 विधानसभाओं में दौड़ लगाने का संकल्प लेकर सरकार को जगाने और युवाओं को हक दिलाने निकले बहरोड़ विधायक बलजीत यादव प्रदेश की अनेक विधानसभाओं में दौड़ लगाते हुए मंगलवार को सायं 6.30 पर किशनगढ़ बास पहुंचे और तोप सर्किल से अनाज मंडी तक युवाओं के साथ काले कपड़े पहन कर दौड़ लगाई। बलजीत यादव ने यहां लोगों को संबोधित करते हुए कहा मुख्यमंत्री विधायक को जुबान देकर मुकरे हैं जनता को बताने के लिए निकला हुआ हूं। राजस्थान की 188 विधानसभाओं में गया हूं। मेरा उत्साह और मनोबल हर जगह लोगों ने बढ़ाया है।


किशनगढ़ बास में बहरोड़ विधायक बलजीत यादव ने दौड़ लगाकर लोगों को संबोधित किया।

सरकार के खिलाफ यह लड़ाई अकेले बलजीत यादव की नहीं है बल्कि राजस्थान की 8 करोड़ जनता की मांग है। भाजपा पर प्रहार करते हुए यादव ने कहा जो लड़ाई विपक्ष में रहकर भाजपा को लड़नी चाहिए वह बलजीत यादव को लड़नी पड़ रही है।

बलजीत यादव की मांग है कि सरकार राज्य के युवाओं को 90 से 100 प्रतिशत आरक्षण नौकरियों में मिले। गैर सरकारी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। 5 लाख पदों पर सरकार शीघ्र भर्ती निकालकर 6 महीनों में युवाओं को नियुक्ति देने का काम करें। समुद्र का ट्रीट किया हुआ पानी नहर से राजस्थान में लाया जाए तथा यमुना व चंबल का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचे। तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले पर लगी रोक को सरकार शीघ्र हटाए।

- केंद्र व राज्य सरकार को कोसा

इसके अलावा किसानों की संपूर्ण फसल को सरकार उचित मूल्य पर खरीदे किसानों में गरीब लोगों को मुफ्त व पूरी बिजली उपलब्ध कराई जाए तथा किसानों की फसल नष्ट कर रहे आवारा पशुओं पर सरकार द्वारा नियंत्रण किया जाए।

# स्कॉर्पियों कार से 5 गायों को मुक्त कराया

**अलवर,** (निसं)। दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेस-वे से लग्जरी कारों में गौवंश की तस्करी की जाने लगी है। सोमवार रात को कुछ गौरक्षकों ने पिनान व बडौदामेव के पास से पीछा कर दो वाहनों को पकड़ा। लग्जरी कार स्कॉर्पियों में 5 गाय ऊपर-नीचे ठूंस-ठूंस कर भरी मिली। पुलिस ने कार व टाटा वाहन जब्त कर लिया। गौवंश को सुधा सागर गोशाला भिजवाया गया।

- लग्जरी कार स्कॉर्पियों में 5 गाय ऊपर-नीचे ठूंस-ठूंस कर भरी मिली।
- गौरक्षकों ने पीछा कर छुड़वाया

गोरक्षक हेमंत मीणा ने बताया कि हमे सूचना मिली थी कि पिनान के पास टाटा गाडी में गौवंश है। हमने करीब 30 किलोमीटर पीछा किया, लेकिन बाद में हम आगे निकल गए। हरियाणा बॉर्डर पहुंचते ही पुलिस को सूचना दी, वहां नाकाबंदी की। नाकाबंदी देख उन्होंने टाटा को कच्चे में उतार दी और वाहन छोड़ कर भाग गए। इसके बाद हमें पता लगा कि स्कॉर्पियों में भी गाय भरी हैं। लेकिन हमने कांटे लगाकर लग्जरी कार का टायर पैंक्चर किया। तब तक पुलिस प्रशासन ने नाकाबंदी करा दी थी। टायर पंक्चर होने के बाद भी तस्कर कार को ले जाते रहे। लेकिन आखिर में उनको कार भी छोडकर भागना पडा। टाटा कार हरियाणा पुलिस को सुपुर्द कर दी। वहीं स्कॉर्पियों कार बडौदामेव थाना पुलिस को सुपुर्द कर दी।

इस कार में 4 गाय भरी मिली थी। जिनको सुधा सागर गोशाला भिजवाया है। वहीं कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है। गोरक्षकों ने बताया कि स्कॉर्पियों से कई दिनों से गोवंश ले जाए जाने की सूचना मिल रही थी। इसका पहले भी पीछा किया था। तब फायर कर भाग गए थे। इस बार भी फायर किया। लेकिन गोरक्षकों ने इनका टायर पैंक्चर कर दिया। इसके बाद भी कार को 5 किलोमीटर तक ले गए। लेकिन आगे पुलिस की नाकाबंदी करा दी थी। तब कार को छोड कर भाग गए। गोरक्ष विपिन योगी, अनिल यादव, अमित मित्तल, सोनू सैनी, लोकेश यादव, वेदप्रकाश चौधरी, रोबिन शर्मा, सुनील मीणा भी मौजूद थे।

## ढाई घण्टे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

**निवाई,** (निसं)। विद्युत तंत्र के रख-रखाव एवं मेन्टीनेन्स कार्य के चलते बुधवार को ढाई घण्टे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

कनिष्ठ अभियंता प्रथम ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते सुबह 6 बजे से 8:30 बजे तक शहर की दीनदयाल कालोनी, इन्द्रा कालोनी, महावीर कालोनी, बडा बाजार, अहिंसा सर्किल, अटल सेवा केन्द्र, भगतसिंह कालोनी, सुभाष कालोनी सहित आसपास के क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# भंवर जितेंद्र सिंह का अभिनंदन किया

**अलवर,** (निसं)। महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

यह जानकारी देते हुए गांधी दर्शन की शहर संयोजक योगी अतुल नाथ योगी ने बताया कि महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक हिमांशु शर्मा को राज्य सरकार द्वारा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य बनाए जाने पर गांधी दर्शन के कार्यकर्ताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह का आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया।

- महात्मा गांधी एवं आजादी के नायकों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाना चाहिएः सिंह

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी एवं आजादी के नायकों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाना चाहिए, इसमें गांधी दर्शन के कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैंद्य गांधी दर्शन के निरंतर कार्यक्रम के आयोजन पर भी हर्ष व्यक्त किया और कहा कि शांति,अहिंसा, प्रेम, भाईचारा एवं सद्भावना से ही प्रदेश का विकास संभव हो सकेगा।

इस अवसर पर जिला संयोजक हिमांशु शर्मा, सुगन चंद शर्मा दुली चंद मीणा, रामगोपाल सोनी, छंगामल लखेरा, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, नटराज मीणा सहित अनेक कार्यकर्ता कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह को साफा एवं सूत की माला और गांधी की तस्वीर भेंट कर बीसुका के सदस्य बनाने पर अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया ।

# फैक्ट्री हटाने की मांग पर वार्ड वासियों ने प्रदर्शन किया

**लालसोट,** (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 स्थित बालाजी की ढाणी में आबादी क्षेत्र में संचालित एक अवैध फैक्ट्री को हटाने की मांग को लेकर नगर पालिका के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर मंगलवार को हंगामा एवं विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान नगरपालिका परिसर में विरोध प्रदर्शन कराई दो महिलाएं अचेत हो गई जिनके साथ परिजनों एवं वार्ड वासियों द्वारा उनके सार संभाल की गई। वार्ड वासियों ने कहा गया कि यह फैक्ट्री नियमों के विपरीत आबादी क्षेत्र में चल रही है ऐसे में इस फैक्ट्री को तुरंत हटाने की कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही जिला कलेक्टर कमर चौधरी के निर्देशों पर उपखंड अधिकारी विजेंद्र मीणा द्वारा जिस जगह फैक्ट्री आबादी क्षेत्र में बनी हुई है उस जगह का जायजा ले कर वस्तुस्थिति की रिपोर्ट जिला कलेक्टर को भिजवाई गई।

- डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने लिया मौके का जायजा
- फैक्ट्री मामले को लेकर दो पक्ष आमने सामने



लालसोट नगर पालिका के वार्ड 19 में आबादी क्षेत्र में बनी फैक्ट्री को सील करने की मांग को लेकर वार्ड वासियों ने नगर पालिका गेट पर ताला जड़ विरोध प्रदर्शन किया।

जहां जिला कलेक्टर द्वारा शांति बनाए रखने के लिए नियम अनुसार कार्रवाई की जाने के निर्देश भी एसडीएम को दिए गए हैं। वही वार्ड वासियों की शिकायत पर आबादी क्षेत्र में संचालित इस फैक्ट्री को हटाने के लिए नगर पालिका द्वारा नोटिस भी जारी किए गए थे।

सोमवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा नगरपालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक टीम गठित कर फैक्ट्री कोशिश करने के लिए मौके पर भेजा गया था। जहां फैक्ट्री सीज करने पहुंचे नगर पालिका अधिकारी कार्मिकों एवं पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में फैक्ट्री से जुड़े महिला पुरुषों द्वारा छत पर चढ़कर फैक्ट्री सील करने की दशा में हाथ में बोतलों के अंदर ज्वलनशील पदार्थ लेकर आत्मदाह करने की कोशिश की गई थी। इसके बाद माहौल को देखकर फैक्ट्री सीज करने पहुंचा नगरपालिका का दस्ता व पुलिसकर्मी वापस लौट गए थे। वही इस फैक्ट्री को सीज नहीं होने को लेकर शिकायतकर्ता पार्क जबरदस्त नाराज हो गया एवं मंगलवार को नगर पालिका देश के मुख्य द्वार पर ताला जड़ फैक्ट्री को तुरंत सिद्ध करने की मांग को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। वही मौके पर पहुंचे डिप्टी एसपी अरविंद कुमार गोयल थाना अधिकारी नाथू लाल मीणा एसडीएम विजेंद्र मीणा एवं पार्षद जनप्रतिनिधियों द्वारा समझाइश करने के बाद प्रदर्शनकारियों द्वारा गेट का ताला खोलकर विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

वार्ड नंबर 19 के आबादी क्षेत्र में बनी एक फैक्ट्री को लेकर दो पक्ष आमने-सामने बने हुए हैं। वहीं इस फैक्टरी पर कार्रवाई को लेकर दोनों पक्षों द्वारा बात का सवाल बना लिया गया है। एक पक्ष फैक्ट्री को सील नहीं होने देना चाहता है तो दूसरा पक्ष फैक्ट्री को सील कराने पर आमादा है। वही इस फैक्ट्री मामले को लेकर वार्ड में अशांति एवं कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई दिखाई दे रही है।

## समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू करने की मांग

**बौंली,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला महामंत्री ओमप्रकाश डंगोरिया, राजेश गोयल व किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं किसान नेता रामअवतार मीणा के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बौंली उपखंड कार्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण मीणा को समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अंकित किया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा रबी की फसलों के समर्थन मूल्य निर्धारित करने के बाद भी राजस्थान सरकार ने फसल खरीद के कांटे शुरू नहीं किए हैं जबकि 1 अप्रैल से फसल खरीद के कांटे शुरू करने की घोषणा की गई थी। केंद्र सरकार द्वारा सरसों के 5450 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था जबकि मंडियों में किसानों को मात्र 5000 में बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है एवं चने का 5350 क्विंटल निर्धारित किया गया था जबकि मंडियों में किसानों को 4400 रुपए क्विंटल में बेचना पड़ रहा है। गेहूं का समर्थन मूल्य 2150 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था जबकि व्यापारी मंडियों में किसानों से मात्र 19 सौ में गेहूं खरीद रहे हैं इस प्रकार किसानों को व्यापारी भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए राजस्थान सरकार को संपूर्ण सवाई माधोपुर जिले में समर्थन मूल्य पर रबी की फसल खरीदने के लिए कांटे शुरू किए जाने आवश्यक है। ज्ञापन सौंपते समय मित्रपुरा भाजपा मंडल महामंत्री महेश शास्त्री बौंली मंडल महामंत्री गोविंद नारायण भदोरिया सहित अनेकों किसान व भाजपा नेता उपस्थित थे।

# सांसद राठौड़ को ज्ञापन सौंपा

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा रावणा राजपूत समाज के शिष्ट मण्डल ने जयपुर ग्रमीण सांसद,पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ से शिष्टाचार भेंट कर अपने सामाजिक कार्यों के विभिन्न मुद्दों को लेकर पर अपनी बात रखी। जिसमें मुख्यतः मेजर दलपत सिंह शेखावत हाइफा हीरो के सर्किल के संदर्भ एवं उनकी जानकारी दी कि इस नेक काम मे फुलेरा नगर पालिका अध्यक्षा संगीता अग्रवाल ने समाज की वर्षों की मांग को पूरा करने में सयोग किया है। साथ ही आगे बताया कि उक्त सर्किल को नगर पालिका की बोर्ड मीटिंग में पास करवाया गया है। जिसके लिए हमारा समाज उनका आभारी है। सम्पूर्ण रावणा राजपूत समाज अपने स्तर पर निर्माण के लिए तैयार है। इसी क्रम में सम्पूर्ण रावणा राजपूत समाज की ओर से सांसद से आर्थिक सयोग की अपेक्षा की है। जिस पर सांसद ने सम्पूर्ण समाज को विश्वास दिलाते हुए कहा कि कोई भी प्रशासनिक आवश्यकता हुई तो मैं रावणा राजपूत समाज के साथ खड़ा रहूंगा।

**कार्यालय पंचायत समिति बाडी ( धौलपुर )**

क्रमांक/पं.स.बा./लेखा/ई.नि./2023/29-34 दिनांक:19.04.2023

**ई-निविदा सूचना 6/2023-2024**

पंचायत समिति परिक्षेत्र की ग्राम पंचायत जपावली, चिलाचौंद, नंगला दूल्हे खॉ, बसईडोंग, अलीगढ, सेवरपाली, मरहौली, कस्बा नगर, कॉसपुरा, पुरा उलावटी तथा बहादुरपुर में महनरेगा तथा ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत प्रत्येक ग्राम पंचायत 100.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत अनुभवी फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 01.05.2023 को समय 12:00 पीएम तक आमंत्रित की जाती है, जिनके UBN No. क्रमशः ZDH2324GLOB00109-20 है। विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

विकास अधिकारी
पंचायत समिति बाडी

राजस्थान सरकार

**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी ( मु. ) प्रार. शिक्षा, भरतपुर**

क्रमांक:जिशिअ/प्रार/भरत/एमडीएम/निविदा/मशीन विद मैन/2023-24/159 दिनांक: 18.04.2023

**:: खुली ई. बोली आमंत्रण सूचना ::**

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मु.) प्रा. शिक्षा भरतपुर एंव अधीनस्थ 12 मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में मिड डे मील योजना के कार्य हेतु ऑन लाईन एवं ऑफ लाइन कार्य करने हेतु संविदा आधार पर कम्प्यूटर ऑपरेटर मय कम्प्यूटर सिस्टम (Machine With Trained Personnel) की सेवा उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्ट पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक, दर संविदा किए जाने हेतु दिनांक 04.05.2023 को 3.00 पीएम तक खुली ई. बोली आमंत्रित की जाती है। बोली आमंत्रण सूचना, बोली/निविदा प्रपत्र और शर्तें राजस्थान लोक उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in एवं ई. टेन्डर पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं। कार्य की अनुमानित लागत 22.00 लाख है।

UBN No. EED2324SLOB00028 हस्ताक्षर